सत्यमेव जयते

**प्रधान मंत्री**
**Prime Minister**

# संदेश

देशवासियों को वन्यजीव सप्ताह 2025 की हार्दिक शुभकामनाएं। इस वर्ष वन्यजीव सप्ताह का विषय 'मानव-वन्यजीव सह-अस्तित्व' अत्यंत प्रासंगिक व सराहनीय है।

भारत की संस्कृति व संस्कारों में प्रकृति के प्रति सम्मान, प्रेम और करुणा का भाव समाहित है। अपनी इस विरासत को समृद्ध करते हुए बीते एक दशक में कई संकटग्रस्त प्रजातियों की संख्या में वृद्धि के साथ-साथ प्राकृतिक गलियारों का विस्तार हुआ है। इस दौरान भारत के कुल वन क्षेत्र में भी निरंतर बढ़ोत्तरी हो रही है जो विकास और पर्यावरणीय संतुलन को एक साथ लेकर चलने के हमारे प्रयासों का परिचायक है।

वन्य जीवों के लिए संरक्षित क्षेत्रों की संख्या में वृद्धि, वनों के संरक्षण हेतु प्रभावी नीतियों, तकनीकी साधनों के उपयोग और आधुनिक विज्ञान संयोजन से आज भारत दुनिया को जैव विविधता व संरक्षण का मार्ग दिखा रहा है।

इस दिशा में स्थानीय समुदायों की सक्रिय भागीदारी, उनका पारंपरिक ज्ञान और अनुभव हमारे प्रयासों को सशक्त करने में बड़ा योगदान देता है। इसके साथ ही वन्य जीवों के कल्याण के लिए समर्पित सभी वन अधिकारियों, वैज्ञानिकों और संरक्षणकर्मियों का समर्पण व योगदान प्रशंसनीय है।

मुझे विश्वास है कि वन्यजीव सप्ताह लोगों को जागरूक करने में बड़ी भूमिका निभाएगा। मैं सभी नागरिकों, विशेषकर युवा पीढ़ी से आह्वान करता हूँ कि वे संरक्षण की इस दायित्व को संवेदनशीलता और सक्रिय भागीदारी के माध्यम से आगे बढ़ाएं।

इस अवसर पर देशभर में हो रहे विभिन्न कार्यक्रमों से जुड़े सभी लोगों को भविष्य के प्रयासों के लिए बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

**(नरेन्द्र मोदी)**

नई दिल्ली
आश्विन 09, शक संवत् 1947
01 अक्टूबर, 2025